महत्वपूर्ण एवं खास

इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस तीन दिन रहेगी रद्द

रायपुर (आरएनएस)। चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा स्टेशन यार्ड में एफओबी गर्डर लांचिंग हेतु पावर ब्लॉक के कारण कुछ गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा स्टेशन यार्ड में एफओबी गर्डर लांचिंग हेतु पावर ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्न गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। गंतव्य से पहले समाप्त/रवाना होने वाली गाडियां :- दिनांक 26, 28 व 30 नवंबर 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस से चलने गाड़ी संख्या 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस, बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी व बिलासपुर-टाटानगर के मध्य रद्द रहेगी। दिनाँक 26, 28 व 30 नवंबर 2024 को गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी होगी व टाटानगर-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

14.60 करोड़ के स्पोर्ट्स कामप्लेक्स का सीएम ने किया लोकार्पण

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। 14 करोड़ 60 लाख की लागत से स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संजय तरण पुष्कर परिसर में इसका निर्माण किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने स्पोर्ट्स काम्पलैक्स में उपमुख्यमंत्र अरुण साव के साथ टेबल टेनिस, स्क्वैश और बैटमिंटन में हाथ आजामाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने एक ही छत के नीचे एक से ज्यादा खेलों की सुविधाएं मिलने पर खुशी जाते हुए खिलाडिय़ों के उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी हैं।

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में मल्टीलेवल पार्किंग का किया लोकार्पण

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शाम बिलासपुर के सिटी कोतवाली स्थित मल्टीलेवल पार्किंग का लोकार्पण किया। 29 करोड़ 76 लाख की लागत से साढ़े तीन एकड़ में कोतवाली थाना परिसर में तीन मंजिला मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाया गया है। मल्टीलेवल पार्किंग की सुविधा मिलने से ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी साथ ही व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से व्यापारियों और नागरिकों को व्यवस्थित बाजार भी उपलब्ध होगा। मल्टीलेवल पार्किंग ग्राउंड फ्लोर के अलावा सभी फ्लोर में पार्किंग की सुविधा दी गई है जिसमें 192 कार और 325 बाइक एक साथ पार्क की जा सकेगी। ग्राउंड फ्लोर को कमर्शियल कांप्लेक्स के तौर पर विकसित किया गया है जिसमें 46 दुकानों का निर्माण किया गया है। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम और लिफ्ट की भी सुविधा दी गई है।

घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया प्रधान आरक्षक

दुर्ग (आरएनएस)। एंटी करप्शन ब्यूरों की टीम ने केस को रफा-दफा करने के लिए रिश्वत की मांग करने वाले थाना स्मृति नगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग निवासी बी-फ ार्मा का विद्यार्थी ने एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत की थी कि उसका कुछ दिन पूर्व एक विवाद हुआ था जिसकी शिकायत थाने में लंबित थी। जांच दौरान प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा से मुलाकात करने पर शिकायत को नस्तीबद्ध करवाने के एवज में प्रधान आरक्षक द्वारा 20,000 रिश्वत की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत की जाँच के बाद आरोपी प्रधान आरक्षक ने 10,000 लेने को सहमत हुआ। सत्यापन पश्चात् आज ट्रेप आयोजित कर आरोपी प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा को 10,000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा-7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

अवैध मादक पदार्थों पर रायगढ़ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

गांजा रेड के तीन मामलों में 7 किलो गांजा और दुपहिया जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

जिले में एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के तहत कल 22 नवंबर को तीन अलग-अलग मामलों में 7 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत रु.82,000 है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि राजापारा राजमहल के पास एक व्यक्ति लाल रंग की प्लेजर स्कूटी (क्रमांक सीजी 13 यूबी 6834) में गांजा बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर उप निरीक्षक ऐनु देवांगन की टीम ने तत्काल मौके पर दबिश देकर 40 वर्षीय आरोपी अजमत खान को पकड़ा। स्कूटी की डिक्की से दो पैकेट में 2 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि स्कूटी रविशंकर देवांगन की है और दोनों ओडिशा से गांजा लेकर आए थे। गांजा की डिलीवर करने जा रहा था कि रास्ते में स्कुटी खराब हो गई थी, पुलिस ने रविशंकर को भी चांदनी चौक से गिरफ्तार कर लिया।

दोनों आरोपी- (1) अजमत खान पिता युनुस खान उम्र 40 वर्ष निवासी राजापारा रायगढ़ (2) रविशंकर देवांगन पिता स्व गंगाजय देवांगन उम्र 49 वर्ष निवासी पैलेस रोड कोष्टापारा रायगढ़ के कब्जे से 2 किलो गांजा (कीमत रु.20,000), स्कूटी CG 13 UB 6834 (कीमत रु.10,000), और एक मोबाइल फोन (कीमत रु.1,000) जब्त किया गया। कोतवाली थाने में आरोपियों पर धारा 20(B), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में एसआई ऐनु देवांगन, आरक्षक हेलारियुस तिर्की, मुरली मनोहर पटेल, और अजय साय शामिल थे।

जूटमिल पुलिस की कार्रवाई

थाना जूटमिल प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस ने छातामुडा बाईपास चौक के पास संदिग्ध अजय यादव को पकड़ा। युवक के पास से कपड़े के थैले में 2 किलो गांजा (कीमत रु.24,000) बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा को विधिवत जब्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, एएसआई राजेंद्र सिंह पटेल, नरेंद्र सिदार, और आरक्षक तरुण महिलाने, सुशील यादव, जितेश चौहान और कामता चौहान शामिल थे। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

छाल पुलिस की कार्रवाई

थाना छाल प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लामीखार डिही चौक पर एक व्यक्ति गंज रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है, मुखबिर सूचना पर छाल पुलिस ने दबिश दी। वहां 32 वर्षीय आरोपी वेदप्रकाश यादव उर्फ बिट्टू को 3 किलो 163 ग्राम गांजा (कीमत रु.38,000) के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गांजा को गवाहों की मौजूदगी में जब्त किया और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज किया। इस कार्रवाई में एएसआई उदय सिंह सिदार, आरक्षक गोविंद बनर्जी, हरेन्द्र पाल जगत और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने कहा कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान सख्ती से जारी रहेगा। पुलिस की यह कार्रवाई जिले में अपराधियों को कड़ा संदेश है कि अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ, 4 दिसम्बर तक चलेगा दो चरणों में पखवाड़ा

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। यह पखवाड़ा दो चरणों में आगामी 4 दिसम्बर तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरूषों की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोबालाइजेशन फेस-27 नवम्बर तक तथा सर्विस डिलवरी फेस-28 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। सीएमएचओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार के लिये जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तिया, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, नीतीराज सिंह बायो मेडिकल इंजीनियर उपस्थित रहे।

औषधि निरीक्षकों ने जिले के 54 मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण, दो में पाई गई अनियमितता

- एनडीपीएस दवाईयों के विक्रय बिलों का नियमानुसार नहीं मिला रिकार्ड
- अनियमितताओं के कारण दोनों फर्मों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर की गई निलंबन की कार्यवाही

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायगढ़ के औषधि निरीक्षकों द्वारा उनको आबंटित कार्यक्षेत्र अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में स्थित मेडिकल स्टोरों का नियमित सतत जॉच एवं निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत बीते अक्टूबर माह में नियमित निरीक्षण के दौरान 54 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रायगढ़ के अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय के सामने ऑल इज वेल मेडिकल स्टोर एवं सावित्री नगर रायगढ़ स्थित खुशबु मेडिकल स्टोर में अनियमितता पाये जाने पर एनडीपीएस (नारकोटिक)दवाईयों के क्रय-विक्रय बिल मांगे गए। दोनों मेडिकल स्टोर द्वारा एनडीपीएस दवाईयों के विक्रय बिलों का रिकार्ड नियमानुसार नहीं पाया गया एवं एनडीपीएस दवाईयों का विक्रय नियमानुसार नहीं किया गया। जिसके फलस्वरूप अनियमितताओं के कारण दोनों फर्मों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा गया था, उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब से संतुष्ट न होने पर उक्त दोनों मेडिकल को 10 एवं 15 दिवसों हेतु निलंबन की कार्यवाही की गई तथा भविष्य में अनियमितताएं पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है। औषधि प्रशासन द्वारा एनडीपीएस दवाईयों के विक्रय पर निरंतर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा क्रय- विक्रय बिलों का सत्यापन नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि नशीली दवाईयों के अनुचित क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया जा सके।

भारत सरकार के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ में बिहान समूह के कार्यों को सराहा

- धमतरी जिले के नारी एवं चर्रा गांव का दौरा कर समूह की गतिविधियों का लिया जायजा
- प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह से नए प्रोजेक्ट पर की चर्चा

रायपुर

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने आज धमतरी जिले के नारी और चर्रा गांव का दौरा कर बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनके द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। एडिशनल सेक्रेटरी सिंह ने बिहान के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं स्वावलंबी बनाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि बिहान समूह से जुड़कर महिलाओं में जागरूकता और आर्थिक स्वावलंबन की भावना विकसित हुई है। एडिशनल सेक्रेटरी सिंह ने आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के लिए नये प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर चर्चा की।

एडिशनल सेक्रेटरी सिंह इसके पश्चात धमतरी ज़िले के कुरुद विकासखंड के नारी एवं चर्रा गांव पहुंचे और वहां बिहान समूह की महिलाओं द्वारा किये जा कार्यों का अवलोकन किया। यहां कृषि आधारित उत्पाद, पशुपालन, ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। सिंह ने विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के स्वावलंबन के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से बिहान अंतर्गत आजीविका गतिविधियों से हो रही आय व्यय के बारे में भी पूछा। सिंह ने इस अवसर पर ग्राम चर्रा में महिला समूह के उत्पाद के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने बैंक सखी के कार्य में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर मिशन संचालक एनआरएलएम सुश्री जयश्री जैन, ज्वाइंट मिशन डायरेक्टर आर.के. झा, वीरेन्द्र जायसवाल, सुश्री ऐलिस लकड़ा, कलेक्टर धमतरी सुश्री नम्रता गांधी, सीईओ ज़िला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य राज्य के अधिकारी उपस्थित रहे।

कोतरारोड पुलिस का ग्राम रानीगुडा में छापा : 30 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कोतरारोड़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि रानीगुड़ा निवासी नरेश सारथी अपने आंगन में हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी।

दबिश के दौरान पुलिस ने आरोपी नरेश सारथी (उम्र 52 वर्ष) के घर से 20, 10 और 5 लीटर क्षमता की तीन प्लास्टिक जरीकैन में कुल 30 लीटर महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत रु.3,000 है। आरोपी से पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वह अवैध शराब की बिक्री में संलिप्त था। आरोपी नरेश सारथी के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कुसुम केवट, उपनिरीक्षक जे. एक्का, आरक्षक चंद्रेश पांडेय, प्रवीण राज और घनश्याम सिदार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अवैध मादक पदार्थ और शराब की बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा। ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री साय ने पर्वतारोही निशा यादव को 3.45 लाख रुपए का चेक प्रदान किया

- पर्वतारोही निशा माउंट किलिमंजारो की चोटी पर तिरंगा फहराएंगी

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर में आयोजित रिवर व्यू पर बने रामसेतु मार्ग के लोकार्पण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पर्वतारोही निशा यादव को स्वेच्छानुदान से स्वीकृत 3.45 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया।

निशा यादव अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची छोटी किलीमंजारो पर्वत को फतह करना चाहती हैं। वे माउंट एवेरेस्ट भी फतह करना चाहती हैं। उनके पिता रिक्शा-चालक हैं। मुख्यमंत्री को जब कुछ दिन पहले निशा की कमजोर आर्थिक स्थिति का पता चला तो उन्होंने निशा से फोन पर बात कर सरकार की ओर से उन्हें सभी तरह के सहयोग का भरोसा दिया और स्वेच्छानुदान से राशि निशा बेटी के लिए स्वीकृत कर दी। निशा ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निशा यादव को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि छत्तीसगढ़ की हर एक बेटी का सपना पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है।

किसानों को दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी : मुख्यमंत्री साय

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी अनुमानित है।

छत्तीसगढ़ में 6.76 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 6.76 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 1.44 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 1288 करोड़ 55 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 22 नवम्बर को 24602 किसानों से 1.22 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके लिए 25840 टोकन जारी किए गए थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480